## खबर संक्षेप

### मधु पटैल को हटाकर रश्मि सोनकर को बनाया महिला थाना प्रभारी

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने महिला थाना प्रभारी मधु पटेल को थाने से हटाकर पुलिस लाइन में पदस्थ कर दिया है। महिला थाना प्रभारी मधु पटेल की जगह उप निरीक्षक रश्मि सोनकर को महिला थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि रश्मि सोनकर विशेष किशोर पुलिस इकाई में अब तक पदस्थ रही। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा महिला थाना प्रभारी की लगातार शिकायत मिलने के कारण उनके ऊपर जांच भी शुरू कराई थी जिसके बाद करवाई देखने को मिली।

### चौपाल के माध्यम से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जल गंगा संरक्षण अभियान के तहत जिले भर में जनसहयोग के माध्यम से जल संरचनाओं की साफ-सफाई की जाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास जारी है। इसी श्रृंखला मे तहसील ढीमरखेड़ा की नवांकुर संस्था गुड़ा के सेक्टर प्रभारी सत्येंद्र सिंह एवं परामर्शदाता सुरेश कुमार दुबे सेक्टर नंबर 4 खमतरा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं समुदाय से आए हुए गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक श्रमदान किया जाकर महानदी के देवरी घाट में दोनों किनारो की सफाई का कार्य करते हुए 'पानी बचाओ जीवन बचाओ 'का संदेश प्रसारित किया गया। इस दौरान समाजसेवी डॉक्टर अजय गुप्ता, देवी मारवाड़ी, शिखर चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, विनोद तिवारी, एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खमतरा के राजमणि बर्मन, रोहित कोरी आदि की उपस्थिति रही।

### जिला अस्पताल की नवीन बिल्डिंग में भी पंजीयन की सुविधा

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में ईलाज हेतु आने वाले मरीजों को पंजीयन की सुविधा हेतु भटकना न पडे इस हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर नवीन बिल्डिंग परिसर मे भी मरीजों के पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग में ईलाज आनें हेतु वाले मरीजों के लिए जिस प्रकार से पंजीयन की सुविधा पुरानी बिल्डिंग में उपलब्ध है उसी प्रकार विगत 3 जून से नवीन बिल्डिंग में ईलाज हेतु आने वाले मरीजों के लिए भी 1 काउंटर के माध्यम से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त सुविधा प्रारंभ हो जाने से अब मरीजों को पंजीयन हेतु अनावश्यक रूप भटकना नहीं पडेगा।

### अनावश्यक बिजली जलाने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने कलेक्टे्ट भवन के समस्त कार्यालय प्रमुखों को आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये ही विद्युत उपकरणों का उपयोग करने तथा निरीक्षण के दौरान अनावश्यक विद्युत उपकरण लाईटें, ए.सी. आदि चालू पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी पत्र मेवर्तमान ग्रीष्मकाल में कलेक्ट्रेट कार्यालय में विद्युत का अधिक लोड अधिक होने से एमसीबी कटाउट में आग लगनें के कारण किसी भी अप्रिय स्थिति की संभावना होने तथा लाईट बंद होने के कारण अनावश्यक परेशानियों का सामना करने का उल्लेख किया जाकर विभगीय अधिकारयों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में रहने के दौरान ए.सी, पखें, लाईटे बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जल संरक्षण की शपथ

**कटनी।** जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वय नंदिनी वाटिया के नेतृत्व में बरही सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं नव प्रेरणा जन जागृति संस्था बिचपुरा के सहयोग एवं रवि शंकर रजक रामावतार कोल एवं नगर विकास प्रस्तुत समिति बरही छिंदिया टोला से कैलाश कचेर एवं योगेन्द्र वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में बरही नगर के पुराने तालाब में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का कार्य किया गया।

## लोकायुक्त की कार्रवाई से बड़वारा जनपद पंचायत में रही हड़कंप की स्थिति

# 6 हजार रूपए की रिश्वत लेते लिपिक सहित सचिव को लोकायुक्त ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

जनपद पंचायत बड़वारा में पदस्थ लिपिक व उसके सहयोगी सचिव को 6 हजार रूपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने रंगेहाथ पकड़ा है। लिपिक ने एक ग्राम पंचायत सचिव से उसकी एरियर्स की राशि का भुगतान कराने के बदले में रिश्वत की मांग की थी, जिससे परेशान होकर सचिव ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई। बुधवार की दोपहर को लिपिक को रिश्वत की राशि देकर जैसे ही सचिव बाहर निकला लोकायुक्त की टीम ने उसको दबोच लिया। उसके साथ उसका सहयोग करने वाले एक सचिव को पकड़ा है और कार्रवाई की है।



### हुई थी निलंबन की कार्यवाही

लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि वर्तमान में ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की पिपरिया शुक्ल ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव जितेन्द्र सिंह बघेल पर वर्ष 2018 में निलंबन की कार्वाइ हुई थी, जिसके बाद वर्ष 2023 में वह बहाल हो गया। उस दौरान वह बड़वारा जनपद पंचायत की लुरमी ग्राम पंचायत में सचिव के पद पर पदस्थ था।

### भुगतान के बदले मांगी रिश्वत

बहाली के बाद उसको स्थानांतरित करते हुए ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत भेज दिया गया। निलंबन अवधि की एरियर्स राशि के भुगतान को लेकर सचिव जितेन्द्र ने जनपद पंचायत बड़वारा में आवेदन दिया था और उसके एरियर्स की राशि लगभग 7 लाख रूपये थी, जिसका भुगतान कराने के नाम पर बड़वारा में पदस्थ लिपिक संजय चतुर्वेदी व जनपद में अटैच सचिव आशीष दुबे ने मिलकर उससे 6 हजार रूपये की मांग रिश्वत के रूप में की थी।

### रंगे हाथों को किया गिरफ्तार

सचिव जितेन्द्र ने इस मामले की शिकायत लोकायुक्त एसपी जबलपुर को की थी। एसपी लोकायुक्त ने मामले का सत्यापन कराने के साथ ही डीएसपी झरबड़े के नेतृत्व में नौ सदस्यीय टीम का गठन किया। बुधवार को आठ सदस्यीय टीम जनपद पंचायत बड़वारा पहुंची। इस बीच सचिव जितेन्द्र ने कार्यालय में लिपिक को रिश्वत के रूप में 6 हजार रूपये दिए और बाहर निकलकर टीम को इशारा किया। इशारा पाते ही लोकायुक्त की टीम ने लिपिक संजय चतुर्वेदी को रंगेहाथ राशि के साथ पकड़ा और उसके साथ सहयोगी सचिव आशीष को भी हिरासत में लेकर कार्रवाई की। लोकायुक्त की कार्रवाई से बड़वारा जनपद कार्यालय में हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई।

कार्रवाई में डीएसपी दिलीप झरपड़े, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक कमल उइके व टीम के अन्य सदस्य शामिल थे।

## जिले में 25 हजार मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे खरीफ सीजन मे किसानों के लिए उर्वरक का जिले मे पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। जिले की सहकारी समितियों, विपणन संघ, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं को मिलाकर 24 हजार 998 मीट्रिक टन की उपलब्धता मौजूद है। इस संबंध मे उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में सर्वाधिक मात्रा मे 15 हजार 304 मीट्रिक टन यूरिया, एस.एस.पी उर्वरक 5 हजार 502 मीट्रिक टन और पोटास 40 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावा डी.ए.पी उर्वरक 3 हजार 264 मीट्रिक टन और एनपीके रासायनिक उर्वरक 888 मीट्रिक टन उपलब्ध है। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिले की सहकारी समितियों मे 3 हजार 302 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरक उपलब्ध है। इसी प्रकार विपणन संघ के पास 9 हजार 838 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक एवं एमपी एग्रो के पास 181 मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र के विक्रेताओं के पास विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरक 11 हजार 667 मीट्रिक टन उपलब्ध है। किसानों को सतत आपूर्ति और मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को पहले ही निर्देशित किया हुआ है। जिले में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता है। जिले को जल्दी ही उर्वरकों की और भी अतिरिक्त रैक प्राप्त होने वाली है।

### श्रमदान कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत भुला के ग्राम चपौहला में ग्राम पंचायत द्वारा बनाए जा रहे नवीन तालाब में ग्राम के ग्रामवासियो एवं आसपास की मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंधित नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियां एवं ग्रामीण जनों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 1 घंटे का श्रमदान किया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक बविता शाह द्वारा जल संचय करने हेतु उपस्थित महिलाओं को अपने घरों का पानी बाहर ना बहा करके घरों के आंगन एवं बाड़ी में सोखता गड्ढा बनाकर जल सहेजने हेतु प्रेरित किया जाकर समाज सेवी राजेन्द्र सिंह द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान सरपंच शिवलता सिंह राजेंद्र सिंह सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

*सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में ढीमरखेड़ा तहसील सबसे अव्वल*

## 32 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का हुआ निराकरण, कलेक्टर कर रहे सतत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कृषकों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रख लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान में लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही मिशन मोड पर किया जा रहा है। अभियान के तहत मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों के सद्प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान अब तक 3 हजार 206 लंबित सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। जिले भर में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण का कार्य अनवरत रूप से जारी है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों को आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में गति परिलक्षित हुई है।

कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद और अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। विदित हो कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दे रखे है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संख्या में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे है। जिले में संचालित विशेष अभियान के तहत निराकृत सीमांकन प्रकरणों के प्रति किसानों का भरोसा बढ़ा है। कलेक्टर के निर्देश के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसीलों में ढ़ीमरखेड़ा तहसील 502 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि विजयराघवगढ 384 सीमांकन प्रकरणो का निपटान कर द्वितीय स्थान पर है। इसी प्रकार तहसील कटनी नगर द्वारा तीसरे स्थान पर रहते हुए अब तक 379 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के मामले मे तहसील रीठी द्वारा चौथे स्थान पर रहकर अब तक कुल 361 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। जबकि पांचवे स्थान पर तहसील बरही द्वारा अब तक 357 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। स्लीनाबाद तहसील 349 सीमांकन प्रकरण निपटाकर छठवे, बहोरीबंद तहसील 312 सीमांकन प्रकरण निराकृत कर सातवे पायदान पर और बड़वारा तहसील 310 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ आठवे स्थान पर है।

## शहर की प्राचीन बावड़ियों का किया निरीक्षण



जल संरक्षण संवर्धन अभियान के अंतर्गत महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा 12 जून को नगर निगम अधिकारीयों के साथ नगर का भ्रमण किया गया जिसमें चंद्रशेखर एवं वंशस्वरूप वार्ड में प्राचीनतम लगभग ढाई सौ वर्ष पुरानी दो बावड़ियों की खोज की गई और उनके संरक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन ऐतिहासिक धरोहर स्वरूप बावड़ियों के रख रखाव एवं संरक्षण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। साथ ही महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सभी पार्षदगण एवं नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकार की बावड़ी, कुआं इत्यादि हो तो अवगत कराए, उनके संरक्षण हेतु भी प्रयास अवश्य किया जाएगा।

## नीट परीक्षा और परिणामों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित समिति से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने नीट परीक्षा के संचालन और परिणामों की तत्काल व्यापक सुप्रीम कोर्ट स्तर की जाँच की मांग की है।उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है।यह कार्यवाही हाल ही मे आयोजित नीट परीक्षा और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा प्रकाशित परिणामों मे संबंधित गंभीर आरोपों और अनियमितताऔ के बाद की गयी है।

अंशु मिश्रा ने बताया कि आज छात्र आत्महत्या कर रहे हैं इनका जिम्मेदार कौन है?? 600 अंक लेकर भी छात्र असमंजस में है उसको सीट मिलेगी की नहीं इसके लिए कोन जिम्मेदार है? हम मांग करते है कि NTA के इस नीट परीक्षा घोटाले उच्चतम न्यायिक अधिकारीयों द्वारा जांच की जाये,इस परीक्षा में प्रभावित छात्रों को उचित न्याय दिया जाये भले ही परीक्षा फिर से आयोजित करना पड़े।जिला अध्यक्ष ने प्रमुख चिंताओं में प्रकाश डाला जो की इस प्रकार है -नीट परीक्षा स्थापित पैटर्न के अनुसार उम्मीदवारों के 719 या 718 अंक हासिल करना अकल्पनीय है। फिर भी ये अंक NTA द्वारा जारी किए गए स्कोरकार्ड में दिखाई देते हैं।जिससे परीक्षा परिणामों की अखंडता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा होता है,इससे अतिरिक्त एक ही परीक्षा केंद्र के 5 से अधिक शीर्ष रैंकिंग का होना सांख्यिकी रूप से संदिग्ध है..इसकी गहन जांच की आवश्यकता है। हमारा विश्वास है कि हमारे छात्र-छात्राओं का भविष्य और शैक्षणिक प्रणाली की अखंडता सर्वोपरि है।हम सरकार और सम्बन्धित अधिकारियों से इन गम्भीर चिंताओं को दूर करने और सभी परीक्षाओं के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी प्रकिया सुनिश्चित करने का आग्रह करते है।



*ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र हेतु कलेक्टर ने जारी किया आदेश*

## असंगठित प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड पात्रता पर्ची जारी करने दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत पात्र 27 प्राथमिकता परिवार की श्रेणियों में आने वाले असंगठित प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड पात्रता पर्ची जारी करने तथा ई-श्रमिक पोर्टल पर जिले के शेष पंजीकृत श्रमिकों को एनएफएसए अंतर्गत पात्रता अनुसार लाभान्वित करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र के लिए समिति का गठन किया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र मे प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु गठित समिति हेतु क्लस्टर नोडल अधिकारी महिला एवं बाल विकास के सुपरवाईजर को बनाया गया है। जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे दल में ग्राम पंचायत सचिव,रोजगार सहायक को दल प्रमुख, ग्राम पंचायत के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के पटवारी और शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को दल का सदस्य बनाया है।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र मे प्रत्येक वार्ड हेतु गठित समिति का क्लस्टर नोडल अधिकारी महिला एवं बाल विकास के सुपरवाईजर को बनाया गया है। जबकि वार्ड स्तर पर सर्वे दल में वार्ड महर्रिर, सहायक निरीक्षक नगरीय प्रशासन विभाग, वार्ड के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को दल का सदस्य बनाया है।

कलेक्टर द्वारा उपरोक्त कार्यवाही हेतु जिला श्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर का सर्वेदल पंजीकृत श्रमिकों के घर-घर जाकर सर्वे करनें तथा प्रतिदिन के सर्वे की जानकारी कलस्टर प्रभारी द्वारा संलग्न निर्धारित प्रारूप में स्थानीय निकाय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। इस हेतु प्रत्येक स्थानीय निकाय में आयुक्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपने स्तर से एक व्यक्ति ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

सर्वे के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत निर्धारित 27 प्राथमिकता परिवार की श्रेणी के दस्तावेज प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया है। ऐसे श्रमिक जिनके पास शासन द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय खाय सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत 27 प्राथमिकता परिवार के दस्तावेज हैं वहीं श्रमिक पात्रतापर्ची हेतु पात्र होंगे। गठित दल को अभियान के अंतर्गत पात्र एवं अपात्र पाये गए श्रमिकों की पृथक-पृथक सूची तैयार कर संबंधित स्थानीय निकाय को प्रस्तुत करनें, तथा पात्र पाये गए श्रमिकों को राशन मित्र पोर्टल पर पात्रतापर्ची स्वीकृत करने की कार्यवाही नियमानुसार स्थानीय निकाय के अधिकारी, कर्मचारियों को करने हेतु निर्देशित किया है।

*बिना लाइसेंस फल एवं टोस्ट का पाया गया संग्रहण*

## बरगवां स्थित पंजाब फ्रूट कंपनी के कोल्ड स्टोरेज हुआ सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए बाजार में विक्रय हो रहे फ्रूट, फ्रूट जूस, आइसक्रीम, कोलड्रिंक वगैरह की जांच हेतु अभियान चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा बुधवार को बरगवां कटनी स्थित पंजाब फ्रूट कंपनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर फल आम, अंगूर, एप्पल, स्ट्राबेरी मोसम्मी वगैरह विक्रय हेतु संग्रह कर रखे हुए पाए गए। उक्त गोडाउन में फल के साथ ही टोस्ट काफी मात्रा में संग्रह कर विक्रय हेतु रखा जाना पाया गया। मौके पर उपस्थित संचालक राकेश चक्रवर्ती से उक्त व्यवसाय का एफ.एस.एस.ए.आई लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन की मांग किये जाने पर लाईसेंस नही दिखानें पर उक्त गोडाउन के दोनो कोल्ड स्टोरेज को सील करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मौके से टोस्ट एवं फलों को पकाया जाने वाला इथिलिन कैमिकल के नमूने जांच हेतु लिए जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमुनसार वैधानिक कारवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि उक्त गोडाउन में लाइसेंस की शर्तो के उल्लंघन पर अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रीमती सोनवानी ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले मे इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाई के दौरान नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



## श्रमदान से छुहाई तालाब में सफाई, वर्षाजल को सहेजने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत कटनी के सेक्टर क्रमांक 2 कैलवारा कला के तहत आने वाले ग्राम घंघरी कला में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ कला के समन्वय, ग्राम पंचायत घंघरी कला एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति घंघरी कला के जन सहयोग से स्थानीय तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब के घाट पर साफ-सफाई की गई। जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड के सभी 5 सेक्टर में नवांकुर संस्थाओं के समन्वय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों और स्थानीय ग्राम पंचायतों के सहयोग से गांव -गांव में जल स्त्रोतों के संवर्धन, संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु श्रमदान का सघन अभियान चलाया जाकर वर्षा ऋतु में पानी की एक-एक बूंद सहेज कर आने वाले कल को सुरक्षित करने प्रयास किये जा रहे है।



ग्राम वासियों की सहभागिता से आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, स्थानीय सरपंच समुद्र सिंह, नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी अनिल गौतम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मेवा लाल, पटेल रोजगार सहायक शैलेंद्र पटेल, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता अमित तिवारी, विनीत सोंधिया एवं एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की छात्राएं रोशनी पटेल और गीता पटेल, आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती देववती पटेल सहित अन्य ग्राम वासियों की तालाब गहरीकरण के लिए श्रमदान में सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

**कटनी।** सिद्धपीठ जालपा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान किशोरी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।महारास में स्वयं शंकर भगवान पहुंचे ।जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। गुरुबार को सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जाएगा। श्रद्धालुओं से जालपा माता मंदिर आकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

### रेड एवं येलो स्पॉट का कार्य प्रत्येक वार्डों में जारी

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सहभागिता के साथ जारी स्वच्छता अभियान के तहत प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव शूरी के निर्देशानुसार एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में शहर के प्रत्येक वार्डों में रेड स्पॉट एवं येलो स्पॉट अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन एवं उसकी सहयोगी संस्था ओम सांई विजन द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रोजाना स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कटनी की सहयोगी संस्था ओम सांई विजन की स्वछता टीम द्वारा आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रत्येक वार्डों में रेड स्पॉट एवं येलो स्पॉट पाए जाने पर चयनित किए गए स्थानो की सबसे पहले साफ सफाई की गई तदोपरांत सुंदर कलाकृतियां बनाकर सौंदरीकरण किया जिसके माध्यम से जन-जन को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

### झाड़फूक के चक्कर में सर्पदंश से युवक पीड़ित की मौत

**कटनी।** सर्पदंश पीड़ित एक युवक की झाड़फूक के चक्क्र में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजय गोटिया 25 निवासी पनागर/जबलपुर घर मे जमनीं पर सो रहा था देर रात सांप ने काटा, परिजनों ने पनागर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इंजेक्शन दिया जिससे हालात में सुधार हुआ। परिजनों ने झाड़फूंक के लिए रीठी/मुहास ले कर आये झाड़फूंक के बाद हालात बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उसकी इलाज दौरान मौत होगी।

### पंच जल कुंड धाम झिरिया में कलश पूजन

**कटनी।** केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के उपलक्ष्य एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत पथवारी के पंच जल कुंड धाम झिरिया पथवारी में बड़े ही हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया कलश पूजन कार्यक्रम के उपलक्ष में जल कुंडों की साफ सफाई भी की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पुष्पा अमर राज सिंह ठाकुर ग्राम सचिव तिलक राज सिंह सोलंकी, ग्राम सह सचिव लवकेश कुमार यादव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी गणेश पुरी गोस्वामी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुभा गोस्वामी, समाजसेवी राम सूजन यादव एवं भारी संख्या में माताएं एवं बहनों की उपस्थिति रही।

---

चोरी के दौरान चौकीदार के विरोध करने पर की गई थी हत्या, वारदात से बाद से था फरार

# हत्या और चोरी के मामले में 7 साल से फरार आरोपित को महाराष्ट्र से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हत्या के मामले में बीते 7 साल से फरार आरोपी सोनू यादव को माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी थाना माधवनगर अनूप सिंह ने बताया कि 01/08/17 को रामलखन पाण्डेय द्वारा पुलिस चौकी झिंझरी में सूचना दी कि बिलहरी रोड झिंझरी पर स्थित MPEB के स्टोर में सुरक्षा गार्ड गुलशन जोगी पिता भरत जोगी की मृत्यु हो गई। सूचना पर घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के शव का पीएम कराया गया। मामला हत्या का होने के चलते धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की जांच पड़ताल के दौरान संदेही राजा उर्फ इम्तयाज अली एवं जावेद खान को संदेह के आधार पर हिरासत मे लेकर पूछताछ की गई। जिन्होंने पूछताछ पर बताया कि झिंझरी स्थित कैपकान कंपनी के स्टोर में चोरी करने की नियत से राजा ऊर्फ इम्तयाज अली, सुभाष, पंकज, सोनू यादव, सुकरु ने चोरी के स्थान की रैकी किया एवं चोरी का माल उठाने के लिए बडवारा से लेबर की व्यवस्था कर कटनी लाए। आरोपी मो.



अफरोज एवं जावेद खान दोनों निवासी जबलपुर ने चोरी का माल ले जाने के लिए ट्रक की व्यवस्था की तथा जावेद ने ट्रक लेकर कटनी आया एवं अफरोज अपनी कार से कटनी आया । सभी सातों आरोपी उक्त कार एवं मोटर साइकिल से कैंपकान के आफिस झिंझरी में चोरी करने के लिए गए और आरोपियों द्वारा चौकीदार गुलशन जोगी के विरोध करने पर उसकी हत्या कर विभिन्न विदुधुत उपकरण कीमती करीबन 1,30,000 रूपए के चोरी कर कार से लेकर भाग गए थे।

पुलिस ने मो.अफरोज, जावेद खान, राजा उर्फ इम्तयाज अली, पकंज रज़क, सुभाष यादव, सुकरू उर्फ सुकरुहदीन, सोनू यादव सहित 7 आरोपी थे जिनमें से 6 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिये गये थे। किन्तु सातवां आरोपी सोनू यादव 20 साल निवासी बडवारा घटना दिनांक के बाद से फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे किन्तु आरोपी सोनू यादव प्रकरण मे लगातर फरार चल रहा था ।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के द्वारा लम्बित अपराधों के निराकारण के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में थाना प्रभारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन विवेचको थाना प्रभारी बड़वारा किशोर दिवेदी से सम्पर्क किया एव आवश्यक जानकारी एकत्रित करते हुए मुखबिर तंत्रों एवम् तकनीकी सहायता से फरार आरोपी सोनू यादव की तलाश करने टीम का गठन कर पुणे महाराष्ट्र भेजा गया। जहां आरोपी के हुलिये के आधार पर हर संभावित स्थानों पर तलाश की गई उसी दौरान आरोपी से सामना हुआ और उसका नाम पता पूछे जाने पर अपना नाम सोनू कोल बताया। जैसे ही उसे पता चला कि पुलिस उसे ही ढूंढ रही है जो बिना देरी किए वहां से भाग खड़ा हुआ। कुछ ही देरी पर पुनः आरोपी से सामना पुलिस से हुआ पर सोनू यादव पुलिस को देखकर भागा पर चोकन्ना पुलिस उसके पीछा करते हुए फैंसिंग तार कूदते फांदते 200 मीटर तक पीछा किया और अंततः भारी मशक्कत करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफल हुऐ।

कार्यवाही में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरीक्षक किशोर दिवेदी, उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी, सहायक उप निरीक्षक शशि भूषण सिंह, प्रधान आरक्षक देवेश कुमार, आरक्षक सुभाष, सुरेश कोरी, प्रशांत विश्वकर्मा साइबर सेल ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

---



# किसानों को मुआवजा राशि दिलाने लगाया गया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**125 किसानों को एक करोड़ 11 लाख रूपए किये गए हैं स्वीकृत**

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विजयराघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने कुटेश्वर ग्राम के 125 किसानों को बिना किसी असुविधा के मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए कुटेश्वर ग्राम पंचायत में कैंप लगाया। बाणसागर परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटेश्वर के 125 कृषकों का प्रभावित रकबा 30.95 हेक्टेयर है जिसकी राशि स्वीकृत एक करोड़ ग्यारह लाख चार सौ इकसठ रुपए स्वीकृत है। इसे किसानों को बिना किसी परेशानी के मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुच कर कैम्प लगाया गया। ग्राम पंचायत कुटेश्वर में कैंप आयोजित कर आवश्यक दस्तावेज, फोटो, आधार कार्ड, पासबुक एवं कृषक के हस्ताक्षर एकत्रित किए गए एवं शीघ्र ही भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कैंप में स्वयं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश मंडलोई, नायब तहसीलदार सिंगोड़ी प्रसन्न कुमार वर्मा एवं सहायक ग्रेड 3 शकेवट बाबू पटवारी सचिव एवं सरपंच कैंप के दौरान उपस्थित हुए इस कैम्प का उद्देश्य किसानो को बिना किसी परेशानी के मुआवजा हाथो हाथ मिले प्रशासनिक टीम किसानो के दस्तावेज के साथ व्यक्ति की पुष्टि कर राशि प्रदान कर रही है।

---

**जन सुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई शिकायत**

# ओवरलोड वाहनों से सड़कों की हो रही दुर्दशा, फैल रहे प्रदूषण, जमीनें बंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा तहसील अंतर्गत एक ग्राम पंचायत में दर्जनों खदान,फैक्ट्रियों की स्वीकृति खनिज विभाग द्वारा की गई है।वही ग्राम मगरहटा-परईकाप से किन किन टोला मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया गया था सडक की क्षमता 8 टन है जबकी इस मार्ग पर संचालित खदान कंपनी फैक्ट्री के ओवरलोड वाहन दिन- रात कम क्षमता वाली सड़कों पर सैकड़ों की संख्या पर चल रहे हैं जिसके कारण सड़के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं ।



### मार्ग पर इन संचालको के चलते हैं ओवरलोड वाहन

किनकिन टोला से मगरहटा परईकाप मार्ग पर आर.के.माइंस एन्ड मिलरल्स,एजी मैक्स पुट्टी प्लांट , भार्गव मगरहटा खदान, आदिनाथ मिलरल्स इन्डस्ट्रीज प्रा.लि. एवं अन्य संचालित हैं।

### शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

जनपद सदस्य विनय नागवंशी बताया कि क्षेत्र की इन समस्याओं को लेकर कई बार पत्राचार एवं ज्ञापन देकर कलेक्टर, खनिज विभाग,तहसीलदार को अवगत कराया गया है लेकिन लगातार शिकायत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे न ही समस्या का निराकरण हो पा रहा है मंगलवार को ग्रामीणों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पुनः कलेक्टर महोदय के समक्ष जनसुनवाई मे शिकायत दर्ज कराई गई है,एवं विनय नागवंशी द्वारा इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई है।

### किसान हो रहे परेशान

ओवरलोड वाहनों से सड़क पूरी तरह से तो खराब हो ही चुकी है साथ ही खदान फैक्ट्री से निकलने वाला डस्ट,ब्लास्टिंग पर छोटे-बड़े पत्थर रहवासी घरों पर गिरते हैं जिससे लोगों को जान का खतरा रहता है और स्वास्थ्य पर इसका खासा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही किसानों की भूमि बंजर हो रही है एवं फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है लेकिन जिम्मेदार बेसुध बने हुए हैं।

---

## एमएसडब्लू प्लांट एवं कांजी हाउस का निरीक्षण



महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा 11 जून मंगलवार को एमएसडब्ल्यू प्लांट का निरीक्षण किया, उक्त निरीक्षण में उनके द्वारा कचरे का शत-प्रतिशत पृथककरण करने तथा दैनिक आधार पर लाए जा रहे कचरे को पूर्ण रूप से प्रतिदिन निष्पादित करने के साथ साथ पूर्व के जमा कचरे को भी प्रसंस्करण करने के निर्देश दिए गए साथ ही प्रत्येक गाड़ी की तौल पर निगरानी रखते हुए अन्य सभी कार्यवाही अनुबंध शर्तो के अधीन रहे इंडिपेंडेंट इंजीनियर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये। निरीक्षण के अगले क्रम में महापौर प्रीति सूरी ने निगम द्वारा संचालित रवीन्द्रनाथ टैगोर एवं झिंझरी स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करते हुए कांजी हाउस में शेड एवं पानी टंकी की मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार करने के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं अन्य जनों की उपस्थिति रही।

---

# ठगों ने ज्वेलर्स दुकान संचालक को 1 लाख रूपए से अधिक की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**खाते में पैसे नहीं आने पर दुकान संचालक ने दर्ज कराई शिकायत**

कोतवाली थाना अंतर्गत शेर चौक स्थित एक ज्वेलर्स दुकान संचालक को दो ठगो ने एक लाख रूपए का चूना लगा दिया। दो ठगों ने अपनी मीठी-मीठी बातों में उलझा कर जेवर भी ले लिए और रुपए ट्रांसफर करने का फर्जी स्टेटमेंट दिखाकर चंपत हो गए। सुनार को इस बात की भनक तब लगी जब उसने अकाउंट में रुपए आने की जानकारी चेक की। अपने साथ धोखाधड़ी होने की जानकारी लगने के बाद सुनार घटना की शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचा। सुनार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

घटनाक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के शेर चौक में संचालित श्री देवा ज्वैलर्स दुकान पर 8 अप्रैल को दो युवक आए और उन्होंने सुनार से बातचीत करते हुए वहां से एक सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी खरीदी। दोनों युवकों ने सुनार को बातों में उलझा कर जेवर खरीदने के बाद उसे अपने मोबाइल से 1 लाख 2 हजार उसके खाते में ट्रांजैक्शन करने का स्टेटमेंट दिखाया और जेवर लेकर वहां से चले गए। युवकों के जाने के बाद जब सुनार ने अपना बैंक अकाउंट देखा तो उसमें रुपए आए ही नहीं। घटना के बाद काफी समय तक सुनार रुपए आने की प्रतीक्षा करता रहा लेकिन जब रुपए नहीं आए तो उसने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दी। ठगी का शिकार हुए ईश्वरी पुरा वार्ड निवासी सुनार 43 वर्षीय राकेश सोनी पिता हरिशंकर सोनी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 420 ताहिं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को पहचानने और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के द्वारा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली जाएगी।

---

**बिना संकेतक लोडर में राड ले जा रहे चालक को फटकारा**

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से सड़क पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों की जांच करने के लिए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में माधव नगर चौराहे में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़क को पार्क समझकर दूसरों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात थाना प्रभारी सख्त नजर आए। इस दौरान सड़क पर नियम विरुद्ध तरीके से दूसरों की जान को जोखिम में डालकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को थाना प्रभारी श्री पांडे ने कड़ी फटकार लगाई।

जांच के दौरान एक पेशेवर राइडर के द्वारा बाइक में अत्यधिक



रोशनी वाली लाइटें नियम विरुद्ध तरीके से लगाए जाने को लेकर यातायात थाना प्रभारी श्री पांडे ने राइडर को रोककर न केवल उसे फटकार लगाई, बल्कि लाइट को निकलवा कर दूसरों की जान से खिलवाड़ न करने की हिदायत भी दी। उन्होंने सख्त लहजे में राइडर को हिदायत देते हुए कहा की आप के द्वारा इस तरह की लाइट लगाए जाने से सामने से आने वाली गाड़ियों को सड़क देखने में सुविधा महसूस होती है जिस कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ऐसी लाइटों का उपयोग सड़क पर ना करें, जिससे किसी की जान खतरे में पड़ जाए। कुछ इसी तरह दूसरों की जान को जोखिम में डालकर बिना किसी संकेतक के लोडर वाहन में रॉड लोड करके जा रहे वाहन चालक को रोक कर थाना प्रभारी ने उसे कड़े शब्दों में फटकार लगाई।

### लाल शर्ट उतार कर बांधी

थाना प्रभारी द्वारा कहा गया कि आखिर आपने पीछे से आने वाले वाहनों को खतरे की सूचना देने के लिए रॉड के साथ लाल कपड़ा क्यों नहीं बांधा। यह बात सुनते ही चालक ने तत्काल अपनी लाल शर्ट उतार कर रॉड में बांध दी। इसके अलावा तीन सवारी लेकर जा रहे दोपहिया वाहन चालकों ऑटो रिक्शा एवं चार पहिया वाहन चालकों की जांच करते हुए जुर्माने की कार्यवाही की गई।

---

**प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रसिद्ध स्थलों से हो रहे रूबरू**

# रूपनाथ धाम के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी के प्रमुख पर्यटक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों के महत्व और पुरा वैभव सहित नैसर्गिक संदरता से पूरा देश परिचित हो रहा है और इसके लिए माध्यम बनी है कटनी को जानों ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से हर दिन नए-नए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभागी जुड़ रहे हैं और कटनी के प्रसिद्ध स्थलों की खूबियों और खासियतों से रू-ब-रू हो रहे है।

कटनी शहर ये लगभग 52 किलोमीटर दूर स्थित बहोरीबंद तहसील के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल रूपनाथ धाम से यूं तो कहने को सम्राट अशोक की वजह से देश भर मे प्रसिद्ध है। लेकिन बहुत ही कम या यूं कहें नई पीढ़ी को रूपनाथ के ऐतिहासिकता और धार्मिकता की अल्प जानकारी थी। वे इसे सिर्फ एक पिकनिक स्पॉट समझते थे लेकिन जिला प्रशासन द्वारा तैयार काराई गई लघु फिल्म ने लोगों को घर बैठे रूपनाथ धाम की संपूर्ण





जानकारी से अवगत करा दिया। प्राकृतिक कुंडों मे भरा पानी, गुफा में विराजे भगवान भोलेनाथ, चारों और अनूठी प्राकृतिक छठा सहित सम्राट अशोक के शिलालेख सहित पुरातत्व महत्व एवं लोगों के आस्था के केन्द्र जैसी महत्वपूर्ण जानकारी से परिचित हुए प्रतियोगिता के दूसरे दिन के प्रतिभागी।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन का परिणाम आज बुधवार की सुबह 10 बजे घोषित किया गया। जिसमें नयागांव श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के देवी प्रसाद विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय दिवस की आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बिलहरी निवासी लेखराज चौहान ने दूसरा और रैपुरा शासकीय चिकात्सालय के पास निवासी समृद्धि दक्ष नें तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि सांत्वना पुरस्कर जीतने वाले सिहोरा, जबलपुर निवासी प्रतिभा तिवारी और तहसील बरही के ग्राम बिरूहली निवासी अनु पाण्डेय को पांच-पांच सौ की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि शहर के साथ साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागी ग्रामीण क्षेत्र से इस प्रतियोगिता में न सिर्फ भाग ले रहे हैं अपितु पुरुस्कार राशि भी जीत रहे हैं।

### प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

द्वितीय दिवस आयोजित कटनी को जानो प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर ने बुधवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विजेता प्रतिभागियों ने इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता को शैक्षणिक जीवन के लिए बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को कटनी के बारे में कई ज्ञानवर्धक जानकारियां हासिल हो रही है। प्रतियोगिता आयोजन के लिए उन्होंने कलेक्टर श्री प्रसाद, जिला प्रशासन, और इनटेक कटनी का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः 2 हजार, 15 सौ एवं 1 हजार की तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में पांच-पांच सौ रूपये की राशि प्रदान की जाती है।

---

# लापता किशोरी को नीमच जिले से किया गया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी घर से बिना बताये अचानक कहीं चली गई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने खोजबीन की और किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी देते हुए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 32 वर्षीय महिला ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि विगत 1 जून से उसकी 14 वर्षीय बालिका बिना बताए कहीं चली गई है। जिसकी काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं लग रहा। नाबालिक बालिका के गायब होने की सूचना मिलने के तत्काल बाद थाना प्रभारी श्री नामदेव ने घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को दी। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी श्री नामदेव के द्वारा बालिका की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन कर तलाश प्रारंभ कराई गई। सूचना एकत्रित करते हुए रंगनाथ नगर थाने की पुलिस टीम के द्वारा बालिका को नीमच जिले के कैंट थाना क्षेत्र से ढूंढ निकाला गया। पुलिस बालिका को कटनी वापस लेकर आई और सुरक्षित परिजनों के सुपर्द कर दिया। बालिका को तलाश करने में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव, एएसआई मथुरा प्रसाद, प्रधान आरक्षक गोविंद प्रसाद पडरहा, आरक्षक नवीन शुक्ला महिला आरक्षक आरती सैयाम की सराहनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

## सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 2 से 7 जुलाई तक

**पन्ना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई से 20 जून 2023 तक आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जेल विभाग स्वयं लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 02 से 07 जुलाई, 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण हेतु पात्र पाया गया है, जिनका द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है।

### जेसीबी से खुदवाया परकुलेशन टैंक, मजदूरों की फर्जी हाजरी पर राशि निकालने का प्रयास

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी मनरेगा में धड़ल्ले से चल रही जेसीबी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



मनरेगा में मजदूरों का काम मशीनों से कराने पर अंकुश लगता नही दिख रहा है जबकि कलेक्टर ने मनरेगा में मशीनों से काम करवाने पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही था लेकिन उपयंत्रि सरपंच/सचिव/रोजगार सहायक कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए पहले मनरेगा का कार्य मशीनों से करवा लेते और फिर मजदूरी की राशि निकालने के लिए फर्जी हजारी डालकर गड़बड़ झाला करने में जुटे हुए हैं। मामला है जंप जबेरा की ग्राम पंचायत मनगुवा घाट के गांव पिपरिया नवल का जहां परकुलेशन टैंक का निर्माण मशीनों से कराए जाने का मामला सामने आ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि मनरेगा का कार्य मशीनों से करवाकर भुगतान निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा मजदूरों के नाम से फर्जी मस्टर रोल भर कर किया जा रहा है। साथ ही मशीनों से कराए जा रहे कार्य का मूल्यांकन उपयंत्री के द्वारा भी फर्जी तरीके से घर बैठ कर दिया जाता है ग्राम पंचायत मनगुवा घाट के गांव पिपरिया नवल में जहां पर सरपंच-सचिव एवं जनपद पंचायत में बैठे अधिकारियों की मिलीभगत से जालम सिंह के खेत के पास जेसीबी मशीन से परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य करा दिया गया और अब जॉबकार्ड धारी मजदूरो के नाम पर फर्जी हाजरी डालकर राशि हड़पने का प्रयास किया जाने लगा है।जब हमारी टीम ने जब मौके पर जाकर निर्माण कार्य देखा तो परकुलेशन टैंक में जेसीबी मशीन के पंजे से खुदाई के निशान स्पष्ठ तौर पर दृष्टिगोचर हो रहे थे जब आसपास खड़े ग्रामीणों से जानकारी ली,तो उन्होंने सरपंच सचिव के डर से दबी जुबान में बताया कि कुछ दिन पहले ही टैंक का निर्माण जेसीबी मशीन से किया गया है,इस कार्य मे किसी भी मजदूर ने कार्य नही किया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सरपंच खुद निर्माण कार्य नही कराते बल्कि गांव के दूसरे व्यक्तियों को ठेके पर दे देते है और यह ठेकेदार मनमानी से कार्य कराते है। जहां शासन ने मनरेगा में पारदर्शिता बनाने के लिए एनएमएमएस पोर्टल पर निर्माण कार्यो में लगे मजदूरो की फ़ोटो अपलोड कर हाजरी डालने का नियम बनाया है,लेकिन इस पोर्टल में भी निर्माण कार्यो की ब्लर फ़ोटो अपलोड कर हाजरी डाली जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में मनरेगा के कार्य मशीन से करा लिए जाते है और फिर मजदूरो की फर्जी हाजरी डाली जाती है,जब मजदूरो के खातों में राशि आ जाती है तो उनके खातों से राशि निकलवाकर हड़प ली जाती है। वही परकुलेशन टैंक निर्माण कार्य में मशीन से कार्य कराये जाने की शिकायत जब उपयंत्री से की गई,तो उसके बाद आनन फानन में कुछ मजदूर लगाकर मौकास्थल से जेसीबी मशीन के निशान मिटाये जाने लगे,ताकि जांच में अधिकारियों को गुमराह किया जा सके।

### हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नही होती कार्यवाही

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मनरेगा में मशीनों से कार्य कराने के मामले सामने आने के बाद साक्ष्य सहित शिकायत करने के लिए कलेक्टर हेल्पलाइन नंबर जारी किया था,जिसमे उन्होंने कहा था कि मनरेगा के निर्माण कार्य मे अगर मशीन का उपयोग किया जा रहा है तो साक्ष्य सहित उसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर पर करे,ताकि कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का उद्देश्य था कि मनरेगा के कार्यो में मजदूरो को गांव में ही रोजगार मिले और उन्हें पलायन न करना पड़े,परंतु सरपंच सचिव एवं उपयंत्री की मिलीभगत से यह उद्देश्य सफल होता नही दिख रहा है। वही कलेक्टर हेल्पलाइन पर साक्ष्य सहित शिकायत करने पर भी कार्यवाही होती नजर नही आ रही है। जिससे सरपंच सचिव बेख़ौफ़ होकर मनरेगा योजना में मशीनों से कार्य करा कर योजना को पलीता लगा रहे है।

### इनका कहना है

परकुलेशन टैंक में जेसीबी मशीन का उपयोग किये जाने का मामला संज्ञान में आया है,मैंने जनपद सीईओ को जांच कर कार्यवाही करने के लिए बोला है।
अभिलाषा शुक्ला
जिला मनरेगा अधिकारी दमोह

# खाद्य सुरक्षा संबंधित बारीकियों से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत दमोह जिले के खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधित नियमों के बारे में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई.) की फोस्टेक योजना के अंतर्गत कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित अंबेडकर भवन दमोह में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया के सहयोग से फोस्टेक अधिकृत ट्रेनर विवेक पाठक एवं मोबलाइजेशन मैनेजर अनुज सक्सेना द्वारा दमोह जिले के विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यापार करने वाले खाद्य व्यापारियों का खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी खाद्य व्यापारियों ने हिस्सा लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के सभी कानूनों प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा खाद्य व्यापार संचालकों को खाद्य सुरक्षा सुपरवाइजर के रूप में प्रत्येक दो वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से ऑफलाइन फोस्टेक ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त फोस्टेक ट्रेनिंग फोस्टेक प्रोग्राम इंपैनलड एजेंसी ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा दमोह जिले के खाद्य व्यापारियों को प्रदान किया गया है। खाद्य व्यापारियों ने ट्रेनर विवेक पाठक से अपने व्यापार से सम्बंधित कई प्रश्न भी पूछे जिस पर ट्रेनर ने खाद्य व्यापारियों के सभी सवालों का जवाब दिया तथा एफ.एस.एस.ए.आई. के सभी नियमों का पालन करने हेतु उपस्थित समस्त खाद्य व्यापारियों से अपील की।

# रनेह थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**रनेह।** थाना में ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों से ईद पर्व को लेकर जानकारी हासिल की। बैठक में सभी समुदाय के नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने सदा की तरह अपनी परंपरा अनुसार पर्व को मनाने की बात करते हुए बताया कि यहां हिंदू मुस्लिम भाई-भाई है और यही परंपरा सदा कायम रहेगी। बैठक में अनेकों मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे वृक्षारोपण, आगामी बारिश को लेकर बाढ़ ग्रसित क्षेत्र की मदद के साथ ही ग्राम विकास पर चर्चा हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों के साथ समूचे पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

# परस्वाहा तालाब में किया श्रमदान



**बनवार।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण जीणोद्धार साफ सफाई का अभियान 5 जून से 16 जून तक पूरे जिले भर में चलाया जा रहा है जिसके तहत जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत परस्वाहा जनप्रतिनिधियों सभी विभागीय अधिकारियों नागरिकों की सहभागिता में श्रमदान करते हुए तालाब की साफ सफाई की और तालाब में जमा जलकुंभी को बाहर निकल गया। इस अभियान की सभी ने सराहना की लेकिन तालाब की मेढ़ पर काबिज अतिक्रमण हटवाने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब जल संरचनाएं अति कारण के चलते सुरक्षित नहीं रहेगी और अतिक्रमण से तालाब के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो जाएगा तो जल गंगा संवर्धन जैसे अभियान कब सार्थक सिद्ध होंगे और फोटो सेशन के लिए ऐसे अभियान चलते रहेंगे और प्राचीन तालाब अति कारण के चलते दम तोड़ते रहेंगे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत क्षत्रिय महासभा ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती हटा नगर में बुधवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा धूमधाम के साथ नगर में विशाल शौर्य यात्रा निकाल कर मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीशंकर मंदिर प्रांगण स्थित दद्दा कला मंच पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा माल्यार्पण कर नगर में शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया गया। जो गौरीशंकर मंदिर से रतन बजरिया बड़ा बाजार होते हुए मंदिर मस्जिद चौराहा पहुंची जहां पर युवाओं द्वारा अपनी अपनी अस्त्र शस्त्र कला का जमकर प्रदर्शन दिखाया गया इसके उपरांत राय चौराहा नायक तिगड्डा से अग्रवाल पंप चंडी जी होते हुए पुनः गौरीशंकर प्रांगड़ कार्यक्रम स्थल पर शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जनों ने उपस्थित समाज जनों को महाराणा प्रताप के विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि उन्होंने कितने संघर्षों के साथ समग्र हिंदू समाज की रक्षा के लिए कई वर्षों तक मुगलों व आताताइयों से संघर्ष किया तथा देश में हिंदू धर्म को स्थापित करने के लिए अपने प्राणों को निछावर तक कर दिया ऐसे वीर महापुरुष की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम देश में हिंदू धर्म की रक्षा एवं हिंदुओं की सुरक्षा के लिए सतत कार्य करते रहें। नगर में निकाली गई शौर्य यात्रा में महाराणा प्रताप की जीवित झांकी बड़ी ही शोभायमान हो रही थी इसी के साथ डी जे, गाजे बाजे के साथ एक दर्जन घोड़ों पर राजस्थानी राजपूत परंपरा के अनुसार क्षत्रिय समाज के लोग समारोह में शोभायमान हो रहे थे इसी के साथ शौर्य यात्रा में मातृशक्ति राजपूत क्षत्राणी भी राजस्थानी परिवेश में तलवारबाजी का प्रदर्शन कर क्षत्रिय समाज का मान बडा रही थी। क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा निकाली गई शौर्य यात्रा का नगर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों राजनीतिक दलों के लोगों ने जलपान कराते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में हटा, बटियागढ़, पटेरा ब्लॉक एवं दमोह से राजपूत समाज के हजारो लोगों की उपस्थिति रही।शोभायात्रा के समापन पर अयोजन समिती ने कार्यक्रम में पधारे समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया।

# दुर्गा की छठवीं शक्ति हैं मां कात्यायनी: पं. चन्द्र गोपाल पौराणिक

**दमोह।** स्थानीय राजा मैरिज हाल में मां श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें पूजन पाठ के उपरांत हवन शाम 6 बजे से 10 बजे तक किया जाता हैं। पं. चन्द्र गोपाल पौराणिक ने बताया कि दुर्गा की छठवीं शक्ति हैं मां कात्यायनी। नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। तब त्रिदेव - ब्रह्मा, विष्णु और महेश अर्थात भगवान शिव के तेज से देवी को उत्पन्न किया जिन्होने महर्षि कात्यायन के घर जन्म लिया। महर्षि के घर जन्म लेने की वजह से उन्हें कात्यायनी नाम दिया गया। माता रानी के घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के बाद ऋषि कात्यायन ने सप्तमी, अष्टमी और नवमी तिथि पर मां कात्यायनी की विशेष उपासना की। इसके पश्चात मां कात्यायनी ने दशमी के दिन महिषासुर का वध किया और तीनों लोकों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। मां कात्यायनी मंत्र। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। भक्तों के रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर आज के यजमान कन्हैया खटीक, मयंक सोनी, वीरेंद्र अग्रवाल, संजय पांडे, सनत पांडे, दिनेश शर्मा, पवन चंदेल, श्रीमती मालती असाटी, सत्य प्रकाश असाटी, कपिल साहू (चीकू) सेवा भाव परिवार आप सभी से हवन कर धर्मलाभ अर्जित करें।

# मगदूपुरा के सार्वजनिक कुंआ की साफ सफाई



**झलौन।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव निर्देशन द्वारा चलाया जा रहा अभियान में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व मे सेक्टर झालोन नवांकुर संस्था स्व श्री राम सिंह लोधी समग्र कल्याण समिति पुरा करौंदी ओर प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से ग्राम पंचायत मगदूपुरा के सार्वजनिक कुंआ की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर मोजूद लोग ब्लाक समन्वयक राजेश बाबू अर्गल जी मेंटर्स शुभम जैन संस्था प्रतिनिधी दुर्जन सिंह लोधी प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मनोज साहू,अशोक साहू,परशुराम पटेल, देवी पटेल विश्वकर्मा समिति अध्यक्ष झलौन मुकेश जैन आदि ग्राम वासियों मोजूद रहे।

# शासकीय सेवा में शिक्षक का दायित्व छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के साथ प्रकृति व पर्यावरण सुधार

**पन्ना।** जिले में शिक्षक की भूमिका हमारे राष्ट्र निर्माता के रूप में शायद तभी मानी जाती है जब विषम परिस्थितियों में भी हमारे शिक्षक शिक्षा क्षेत्र हो या कि प्रकृति तथा पर्यावरण को संवारने का संकल्प के साथ जो परीक्षा में परिणाम के रूप में साबित करते है चाहे छात्र-छात्राओं का भविष्य हो जिनके संस्कार व शिक्षा के साथ-साथ वहीं प्रकृति व पर्यावरण को बचाये रखने के साथ-साथ भविष्य का निर्माण करने को लेकर जाना जाता है, उदाहरण के तौर पर कई ऐसे शिक्षक महान कार्य कर रहे है जिन्हें जिले में उनकी साधारण कार्यप्रणाली से ही उनके व्यक्तित्व को परखना आसान नहीं होता। आज भी कई शिक्षक हमारे प्रेरणा श्रोत है जैसे कि प्रकृति व पर्यावरण को लेकर शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ एक छोटे से गांव असौनी में बाबूलाल चौधरी जो एक शिक्षक है जिनकी सोच पर्यावरण के प्रति उदाहरण है। जिले में शिक्षा विभाग में शासकीय सेवा शिक्षक के कर्तव्यों के रूप में इस समय विषम परिस्थितियों को लेकर छिपी नहीं है जहां निजी विद्यालयों में संसाधन बेहतरी को लेकर सब जानते है वहां शिक्षा प्रदान करने को लेकर निजी तौर पर विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंधकों की स्वतंत्रता जानी जाती है।

# पारना में सार्वजनिक बावड़ी में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत डेलनखेड़ा के ग्राम पारना में सार्वजनिक बावड़ी कुआं में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमदान में समिति के अध्यक्ष, सचिव, ग्रामीणजन, नवांकुर संस्था, स्वर्गीय श्री नन्नू सिंह पटेल समाजसेवी संस्था जलहरी के सहयोग से बावड़ी की साफ सफाई की गई। इसके साथ ही आस-पास फैली झाड़ियों की कटाई की गई। तत्त पश्चात उपस्थित लोगों को जल संरक्षण करने एवं स्वच्छता और पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया।

# पप्पू तिवारी की दादी का निधन

**हटा।** नगर के रामगोपाल जी वार्ड निवासी वरिष्ठ समाजसेवी पंडित श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी बाबूजी की 93 वर्षीय धर्मपत्नी एवं पप्पू तिवारी की दादी श्रीमती सियाबाई का बुधवार की सुबह निधन हो गया जिनकी अंतिम यात्रा दोपहर निज निवास से धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जहां गौरीशंकर मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें नगर के सभी वर्ग के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



# लाइट हाउस विद्यालय की कार्यशाला का सीएम राइज मे हुआ आयोजन



**जबेरा।** सी एम राइज जबेरा विद्यालय को लाइट हाउस विद्यालय के रूप मे चयन होने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गया । जिसमें पीपुल्स ग्रुप से सायचंद पाण्डे शुभम सिंह एवं योगिता जी के द्वारा विद्यालय के स्कूल लीडर्स के साथ समस्त स्टॉफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।जिसके अंतर्गत विषय वार हिंदी अंग्रेजी .गणित .विज्ञान सामाजिक विज्ञान में शिक्षकों को अलग-अलग समूहों में बांटकर लाइटहाउस की थीम समझाई गई तथा पाठ योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन कैसे करें इस पर भी प्रकाश डाला गया ।ताकि सीएम राइज विद्यालय जबेरा अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श एवं उदाहरण के रूप में प्रस्तुत हो सके। इस कार्यशाला में सीएम राइज स्कूल जबेरा के प्राचार्य संजय बाजपेई और उपप्राचार्य अजय सिंघई के साथ शिक्षक उमेश शर्मा मुकेश नामदेव, पप्पूराय, रामकिशोर शर्मा, सुनील बाजपेई विवेकजैन, अनिल साहू, सुखनंदन साहू, प्रमोद अहिरवार, अनिलसाहू, माखनलाल साहू, महेशसाहू, मुन्नीठाकुर, अर्चनाखरे, शानू दुबे, दीप्ति कोष्टा दुर्गापटेल, कीर्तिराय विभा तिवारी प्रीति सुमन रीनाखरे के साथ समस्त शिक्षको द्वारा भागीदारी की गई ।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में चलाया अभियान

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष में दमोह जिले में टास्क फोर्स के सदस्यो, पुलिस, महिला बाल विकास, संकल्प समाज सेवी संस्था, जनसहस संस्था एवं श्रम विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कोऑपरेटिव बैंक चौराहा से स्टेशन चौराहा दमोह तक प्रचार-प्रसार कर बाल श्रम प्रतिषेध अभियान चलाया गया, जिसमें दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता : पंजीयन कार्य 14 जून से

**दमोह।** पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन 27 जुलाई 2024 को किया जाना संभावित हैं। इस संबंध में पर्यटन शाखा दमोह के प्रभारी अधिकारी ने बताया पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2024 के लिए प्रतिभागी टीम/विद्यालयों का पंजीयन कार्य 14 जून 2024 से 08 जुलाई 2024 तक किया जाना है। जिस हेतु क्विज मास्टर की जानकारी निर्धारित प्रपत्र 'अ' अनुसार म.प्र. टूरिज्म बोर्ड को उपलब्ध कराई जाना है।

### सेफ भोग प्रमाण पत्र मिला

**दमोह।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार (एफ.एस.एस.ए.आई.) के प्रोजेक्ट ₹सेफ भोग₹ का मुख्य उद्देश्य भारत में विभिन्न धार्मिक तीर्थ स्थलों/पूजा स्थलों पर शुद्ध एवं सुरक्षित प्रसाद एवं भोजन को श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराना है। भोग अर्थात ₹ईश्वर के लिए आनंदमय एवं स्वच्छ अर्पण₹ है। दमोह जिले में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर शुद्ध एवं सुरक्षित प्रसाद एवं भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत माधवी बुधौलिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सहयोग से दमोह शहर के घंटाघर स्थित श्री देव जानकी राधा रमण बूंदा बहु मंदिर एवं सिंधी कैंप स्थित श्री झूलेलाल मंदिर को सेफ भोग प्रमाणन हेतु चयनित किया गया था। एफ.एस.एस.ए.आई. ने केंद्रीय ऑडिटर की प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट अनुसार श्री देव जानकी राधा रमण बूंदा बहु मंदिर एवं श्री झूलेलाल मंदिर को सेफ भोग प्रमाणपत्र जारी किया है।

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के ट्रैपिंग कैमरों में कैद हुआ विलुप्तप्राय मृग चौसिंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए प्रदेश के सबसे बड़े व भेड़ियों के प्राकृतिक आवासों के लिए मशहूर नौरादेही अभयारण्य के टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां बाघों का कुनबा तो बढ़ ही रहा है। यहां पर कई प्रजातियों के शाकाहारी व मांसाहारी जानवर भी हैं। अब यहां पर विलुप्त हो रहे जानवर चौसिंगा के होने के प्रमाण भी मिले हैं। यह जानवर पिछले दिनों यहां पर ट्रैपिंग कैमरे में कैद हुआ है दरअसल टाइगर रिजर्व में जंगल की गतिविधियों की निगरानी करने 400 ट्रैपिंग कैमरे लगाए गए हैं। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा कैमरे के फुटेज देखे जाते हैं। 2 माह पहले इन्हीं कैमरा में शिकारी कैद हुए थे, जिन पर कार्रवाई की गई थी। पिछले दिनों कैमरों के फुटेज देखते समय अधिकारी उस समय खुश हो उठे जब उन्हें एक चौसिंगा घास के मैदान में दिखा। चौसिंगा की मौजूदगी से टाइगर रिजर्व प्रबंधन में उत्साह का माहौल है।

### रेड अलर्ट सूची में है विलुप्तप्राय मृग चौसिंगा

चौसिंगा देश में पाया जाने वाला एक विलुप्तप्राय मृग है, जिसे प्रकृति संरक्षण की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईयूसीएन ने अपनी रेड अलर्ट सूची में रखा है। भारत सरकार ने भी वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत चौसिंगा को बाघ के साथ एक ही श्रेणी की संरक्षित सूची में रखा है। यह भारत के अलावा नेपाल में पाया जाता है। जन्म के कुछ समय बाद चौसिंगा के दो सींग आते हैं और व्यस्क होने पर दो सींग और निकल आते हैं, चार सींग केवल नर चौसिंगा में पाए जाते हैं। इसके दो सींग सामान्य तौर पर कान के बीचों-बीच और दो सींग आगे माथे की तरफ पाए जाते हैं। पन्ना टाइगर रिजर्व में भी चौसिंगा हैं लेकिन वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में नजर आने के बाद माना जा रहा है कि बुंदेलखंड विलुप्तप्राय चौसिंगा की पसंदीदा जगह है और इधर इसके संरक्षण के लिए प्रयास किया जा सकते है।

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी का कहना है कि हम लोग टाइगर रिजर्व में चौसिंगा होने का अनुमान लगाते थे। अभी हम लोग फेस 4 की गणना के लिए कैमरा ट्रैपिंग कर रहे हैं, तो उसमें चौसिंगा के फोटोग्राफ नजर आए हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मृग प्रजाति में एक और संख्या बढ़ गई। कैमरा ट्रैप में अभी और ऐसे जीव मिलेंगे, जिनके बारे में हमें जानकारी नहीं है।

# पेयजल संकट को लेकर खाली कुप्पा लेकर किया शांतिपूर्ण आंदोलन

### नपा सतधारु योजना का पानी ठीक से वितरित नहीं कर पा रही





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

बस स्टँड चौराहा हिण्डोरिया पर नगर के सैकडो. महिला पुरुषों ने अपने वार्ड पार्षद एवं जन प्रतिनिधियों के साथ नगर परिषद द्वारा जान बूझकर पैदा किये गये पेयजल संकट के समाधान को लेकर अहिंसात्मक ढंग से शांति पूर्ण आंदोलन किया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डों के सैकडो. महिला-पुरुष खाली गुम्मा, कुप्पा लेकर सुबह 10-11 बजे से ही बस स्टँड चौराहे पर अपने प्रतिनिधियों सहित एकत्रित होना शुरू हो गये। इनके द्वारा नगर परिषद के विरोध मे नारे बाजी करते हुए गुण्या, कुप्पा बजाते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। पेयजल संकट को लेकर एकत्र होने की सूचना पाकर सक्रिय हुये हिंण्डोरिया थाना प्रभारी टीआई अमित गौतम अपने दलबल के साथ तत्काल आंदोलन स्थल पर पहुंच गये। टीआई व्दारा आंदोलन की मांगों को समझते हुए जिला शासन-प्रशासन के अधिकारी नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी एवं एसडीएम आर एल बागरी को सूचित किया गया। एसडीएम श्री बागरी को आंदोलन कारियों के द्वारा एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन मे कहा गया कि नगर परिषद व्दारा भेदभाव पूर्ण ढंग से पेयजल वितरित कर जानबूझकर कुछ वार्डों मे संकट पैदा किया जा रहा है। जबकि सतधारू योजना से कनेक्शन मिलने के बाद नगर मे पानी का कोई संकट नहीं है। नपा स्वंय पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर कुछ जाबांज क्रांतीकारी पार्षदों के वार्डों मे कृत्रिम पेयजल संकट पैदा कर रही है! सतधारू योजना से मिल रहे पानी का वितरण नपा ठीक से ना कर भेदभाव के साथ कर रही है। नपा की इस लापरवाही के चलते नगर परिषद के अनेक पार्षदों को अपने स्वंय के खर्चे पर मजबूरन टेंकर खरीद कर पानी बांटना पड़ रहा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से नागरिकों ने एक दिन के अंतर से बिना किसी भेदभाव के पेयजल वितरण की मांग की है! साथ ही नगर के बार्ड नं. 01-05-06-07-08-09 आदि मे व्यवस्थित पेयजल पहुचांने 04 करोड़ की लागत वाली स्वीकृत राशी से शीद्र पेयजल की टंकी निर्माण कर पाईप लाईन बिछाने की मांग की है। एस डी एम बागरी ने आन्दोलनकारियों से चर्चा कर पहले आन्दोलन शांत कराया इसके बाद सभी आंदोलन के प्रतिनिधियों के साथ नगरपरिषद कार्यालय मे बैठक आयोजित कर विस्तृत चर्चा की। बैठक मे नपा मे पेयजल योजना का प्रभारी कौन है। पता नहीं चल सका। पेयजल योजना को वर्षों से संचालित कर रहे नपा के दो अस्थायी कर्मी सित्तू श्रीवास्तव एवं रमेश यादव का दो-तीन घंटे प्रशासन के अधिकारी इंतजार करते रहे। मगर वो नहीं आये। तो श्री बागरी ने नपा के इन दोनो कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त करने का आदेश नायब तहसीलदार श्री चतुर्वेदी एवं प्रभारी सीएमओ राजेंद्र खरे को दिया। इस मौके पर सीएमओ गजेंद्र सिंह लोधी जो डेढ़ माह की ट्रेनिंग पर बाहर गये हुये है, उनका प्रभार राजेन्द्र खरे हटा को सौपा गया! इस मौके पर संयुक्त संचालक नगरीय निकाय एवं विकास विभाग सागर के उप संचालक अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस टीम ने नपा की असलियत को नजदीक से बैठक मे समझा एवं नपा कर्मियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक मे दो दिन के अंतर से नगर वासियों को बिना किसी भेदभाव के पेयजल उपलब्ध कराने , पेयजल वितरण का समय बढाने, जहाँ पाईप लाईन से पानी नहीं पहुंच रहा उन वार्डों मे पेयजल टेंकरों से उपलब्ध कराने, पार्षदों की पेयजल वितरण मे व्यय राशी लौटाने, नगर को हरहाल मे पेयजल संकट जैसी समस्या से मुक्त बनाने पर सहमति बनी। इस पूरी प्रक्रिया मे नपा अध्यक्ष कहीं नहीं दिखे । बस नपा मे अपने कक्ष मे बैठे रहे।

आंदोलन में नगर परिषद के शेर दिल, जाबांज उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधी लक्ष्मण पटेल, पार्षद प्रतिनिधी हबीब राजा चौहान, पार्षद गणेश सिंह, अन्नू राजपूत, शानू खान , शेख असीम, सुजात खान सहित बडी. संख्या मे वार्डवासी महिला पुरुष मौजूद रहे।

# बाढ़ में बहे पुल रपटों की नहीं हुई मरम्मत, बारिश में फिर बनेगी ग्रामीणों को मुसीबत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जनपद जबेरा कई क्षेत्रों बीते वर्ष हुई वारिश में नदी नालों पर बनी पुल पुलियों बाद हाल हो गई थी जिसमे शून्य नदी पर बना पिपरिया नवल स्टाफ डेम कम रपटा नदी में आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया था। वही मनगुवा में शून्य नदी पर बना पुल का आधा हिस्सा बाढ़ में बह गया था क्षतिग्रस्त पुल पर पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा मिट्टी मुरम डालकर पुल पर से काम चलाऊ आवागमन चालू कर दिया गया जो खुले मौसम में तो चलता रहा लेकिन बारिश के मौसम पुल की बाढग्रस्त स्तिथि मिट्टी मुरम बहने की स्तिथि यहां फिर आवागमन पूरी बारिश के मौसम में बंद हो जाएगा। जबेरा ब्लॉक के छपरवाहा मोसीपुरा कुलुआ सहित दर्जनों गांव का आवागमन बंद हो जाएगा। और स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीण परेशान होंगे मुल्लू सिंह त्रिलोक सिंह ने बताया शून्य नदी पर बना पुल कई वर्षो से क्षतिग्रस्त पुल में लगा लोहा की सरिया बाहर निकला आई थी और समय पर पुल की मरम्मत नहीं होने पर बीते वर्ष को बारिश में पुल का आधा से अधिक हिस्सा नदी की बाढ़ में बह गया था। एक पखवाड़े तक आवागमन बंद रहने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा पुल में पत्थर बोल्डर भरकर ऊपर से मुरम डाल दी गई थी जिससे गर्मी और ठंड के मौसम में यहां से आवागमन चलता रहा लेकिन फिर वारिश होने वाली है मिट्टी मुरम नदी की बाढ़ में बह जाएगी। और फिर पूरे वारिश के सीजन में पुल पर से आवागमन बंद रहेगा। स्कूली बच्चों ग्रामीणों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हाल पिपरिया नवल स्टाफ डेम कम रपटा का जहां बीते वर्ष शून्य नदी ने आई बाढ़ में रपटा बह गया था जिसकी मरम्मत तक नही की है और क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। चार गांव के लोगों को आने जाने में परेशानी होती रही खुले मौसम में तो स्कूली बच्चे ग्रामीण क्षतिग्रस्त पुल पर से जैसे तैसे करके आना जाना करते रहे लेकिन वारिश होते ही नदी में आई बाढ़ से पिपरिया नवल और हिनौती आजम गांव का संपर्क टूट जायेगा। और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। विनोद सिंह लखन सिंह ने बताया शून्य नदी पर पिपरियानवल में बना स्टाप डेम कम रपटा बीते वर्ष में हुई वारिश में बाढ़ की स्तिथि बह गया था जिसकी ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान नहीं गया और स्टॉप डेम कम रपटा की मरम्मत और न ही नए पुल का निर्माण करवाया गया । फिर बारिश होने वाली है और नदी में बाढ़ आते ही मार्ग बंद हो जाएगा और चार गांव का संपर्क टूट जायेगा।

# बरसात में वार्ड में अत्यधिक पानी गिरने पर बाढ़ जैसे बन जाते हैं हालात, घरों में भर जाता है गंदा पानी

**तेंदूखेड़ा।** बारिश का मौसम बहुत ही ज्यादा नजदीक है जहां लोग अपने-अपने घरों के छप्परों को सुधारने मैं लगे हैं ताकि बारिश के मौसम में घरों में पानी ना भरे वही बारिश की दहशत के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर के बाशिंदे सहित निचले इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में है। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 8 में पिछले 6 वर्षों से लगभग 50 घरों में बारिश के मौसम में पानी भर जाता है पिछली वर्ष भी बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए थे उसके बावजूद शासन प्रशासन की नुमाइंदों ने इस ओर कोई विशेष कार्य नहीं किया है। वार्डो में नालियों तक की सफाई हो पाई है नालियों बचबचा रही हैं और तेज बारिश लगातार बारिश होने की चलती यही गंदा पानी घरों में प्रवेश कर जाता है। वर्तमान में नगर की लगभग 20% ही नालियां साफ हो पाई हैं। वार्ड क्रमांक 8 में निर्वस्त्र




डॉक्टर दुर्गा शंकर द्विवेदी ने कहा कि विधायक, मंत्री कलेक्टर को कई बार इस विषय में आवेदन दिया लेकिन आज तक मेरी समस्या का कोई हल नहीं निकल सका है। पिछली वर्ष मेरे घर में 5 फुट पानी भर गया था मेरे कई अमूल्य धार्मिक ग्रंथ बर्बाद हो चुके हैं । इतना ही नहीं लाखों रुपए का सामान भी मेरा खराब हो गया था बारिश का समय नजदीक है यदि पूर्व वर्षों जैसे हालात बने तो इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन के लोग हैं जिन्होंने इस गंभीर समस्या का हल नहीं खोज निकाला है लाखों रुपए की लागत से नालियां तो बनाई गई लेकिन पानी निकासी इन नालियों से नहीं होने की वजह से इसका काम है जहां हम लोगों को भुगतना पड़ता रहा है। सुदीप त्रिपाठी ,महेश सेन ,राजू शर्मा ,अनिल पाराशर, ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अत्यधिक बारिश होने पर वार्ड क्रमांक 8 में लोग सारे काम धाम छोड़कर घरों से पानी निकालते है खाना भी घरों में नहीं बनता है महिलाएं शासन-प्रशासन पर अपना क्रोध निकालती है। वही वार्डो के लोगों अशोक कुमार दीपचंद ,नरेश ने कहा कि शासन प्रशासन को हमारी चिंता नहीं है लगभग 6 साल से आवेदन दे दे कर परेशान हो चुके हैं लेकिन समस्या का हल आज भी नहीं हो सका है। नगर की एक माह में 20% ही नालियां साफ हुई हैं विद्यानगर में नालियां बजबजा रही हैं।

### इनका कहना है

एसडीम अविनाश रावत ने कहा कि विद्यानगर की यह स्थाई समस्या है बारिश नजदीक है नालियों की सफाई चल रही है मैं सीएमओ से बोलता हूं की समस्या का शीघ्र समाधान करें ताकि आने वाली बारिश में घरों में पानी ना भरे।

# 10 माह से नहीं मिला शिक्षिका को वेतन

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय कर्मचारी को 10 माह से वेतन न मिला हो वह अपना जीवन यापन कैसे कर रहता है यह तो बताना मुश्किल है यदि एक माह का वेतन न मिले तो समस्या उत्पन्न हो जाती है फिर तो यह 10 माह का मामला है। जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाली शाला मँझगुवा चक्र संकुल केन्द्र शा.उ. मा. वि. पुरा बैरागढ़ विकासखण्ड तेन्दुखेडा की एक शिक्षिका को 10 माह से वेतन नहीं मिला है जिसके चलते उसे जीवन यापन करने में समस्या आ रही है। उसने हैरान परेशान होकर इस संबंध में संकुल प्राचार्य को आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि उसका वेतन 10 माह से आज तक नही आया है। 10 अगस्त 2023 को प्राथमिक शिक्षका प्रियंका बागरी की संकुल के अंतर्गत आने वाले मँक्षगुवा चक्र में पद स्थापना हुई थी। उस समय से मुझे आज तक वेतन नहीं मिला है जिससे मेरी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है। मेरी बेटी 5 माह की है जिसका पालन करना कठिन हो गया है। वेतन ना आने के कारण मुझे काफी कठिनाई का सामना करना पड रहा है। एन एल अहिरवाल डीडीओ का कहना है मैं लगातार चार दिनों से मैं टैजरी के चक्कर काट रहा हूं। यह सही है कि 10 माह से प्रियंका बागरी को वेतन नहीं मिला है लेकिन समय पर इम्पलाइड कोर्ट एवं प्लान नंबर नहीं दिया गया जिसके कारण समस्या आ रही है। मैंने ट्रेजरी में मुंबई तक पत्र भेजा है। जैसे ही समस्या का निदान मुंबई से होता है। तत्काल ही वेतन डलवा दी जाएगी।

# विश्व रक्तदान दिवस कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि रक्त की जरूरत पड़ने पर किसी भी व्यक्ति को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सके इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान हेतु विशेष शिविर समय-समय पर आयोजित किये जाते है। जिला चिकित्सालय में 14 जून को विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदान के इच्छुक नागरिक पैथालॉजिस्ट डॉ. अमित प्रकाश जैन के मोबाईल नम्बर 96442-88190 पर रजिस्ट्रेशन करा सकते है। रक्तदान के पूर्व शरीर की जांच कर रक्तदान किया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने रक्तदान से जुडे.फायदे, रक्तदान कौन कर सकता है, कौन नहीं के संबंध में एडवाईजरी जारी की है।

### रक्तदान के फायदे

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया रक्तदान से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम रहता है, लिपिड प्रोफाईल सही रहता है, कोलेस्ट्रॉल संतुलन बना रहता है और शरीर में आयरन टॉक्सिटी से बचाव रहता है।

### जाने रक्तदान कौन कर सकता है

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया कि मनुष्य के शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया हमेशा चलती रहती है। रक्तदान में मात्र 04 से 05 मिनट का समय लगता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से ऊपर 65 वर्ष के मध्य हो, जिसे एच.आई.व्ही., हेपेटाईटिस-बी, टी.बी. जैसी बीमारी न हो, वजन 50 कि.ग्रा. से ज्यादा हो, हिमोग्लोबिन 12.50 ग्रा./डी.एल. से अधिक हो वह रक्तदान कर सकता है। पुरूष हर तीन माह में वहीं महिलाएं चार माह में रक्तदान कर सकती है। रक्त की पूर्ति शरीर में 24 घण्टे के अंदर हो जाती है।

### रक्तदान कौन नहीं कर सकता है

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया ऐसे व्यक्ति जो डायबिटीज में इन्सुलिन का इंजेक्शन ले रहे है तो वे रक्तदान नहीं कर सकते है। एच.आई.व्ही. हेपेटाईटिस-बी, टी.बी., कैंसर, अस्थमा, मिर्गी, ब्लीडिंग डिसऑर्डर, थैलेसिमिया, सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारी से पीड़ति व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकते है। किसी बीमारी की दवा लेते है तो रक्तदान के पूर्व चिकित्सक से सलाह जरूर ली जाये।

# आंधी तूफान के कारण कई पेड़ धाराशाई, घरों के छप्पर उड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बुधवार को गर्मी के बीच सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए रहे जिसके कारण लोग उमस से परेशान हुए दोपहर के समय धूप छांव का दौर चला लेकिन दोपहर तीन बजे के बाद मौसम ने करवट बदली और आंधी तूफान के साथ तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई जहा आंधी तूफान के कारण कई घरों के छप्पर दीवारें टीनशैड सहित पेड़ धाराशाई हो गए। तेन्दूखेड़ा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3.30 बजे से मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ तेज बारिश और आये आंधी तूफान ने नगर एवं क्षेत्र में लगे कई पेड़ों को धराशाई कर दिया। आंधी तूफान के कारण कई जगहों पर काफी नुकसान हुआ है। साथ ही लगभग 2 घंटे विद्युत का आना-जाना लगा रहा वार्ड क्रमांक 9 मंडी के पास एक बबूल का पेड़ शीला बाई केवट के घर पर गिर जाने से घर पर बिछी चद्दर की सीट एवं घर में रखा सामान जिसमें टीवी फ्रिज कूलर सहित घर में रखा सामान खराब हो गया। इतना ही नहीं तूफान इतना तेज था कि कई घरों के टीन चद्दर एवं घरों पर लगी सीमेंट की सीटें काफी दूर तक उड़ा ले गया। यदि इसी तरह वार्ड क्रमांक 13 चौराई में मुकेश सेन के घर की दीवारों पर आंधी तूफान में एक पेड़ गिरने से दीवारें गिरकर धाराशाई हो गई। इसी तरह राजेश सेन वार्ड क्रमांक 14 के यहां भी मवेशियों के लिए बनी झोपड़ी पर भी इमली का पेड़ करने से नुकसान हो गया है। इसी तरह राजेश सेन के कच्चे घर के खप्पर उड़ गए मुकेश सेन की दीवारें चार-पांच माह पहले ही बनी थी दिवारे कंप्लीट थी केवल स्लेप डलना था लेकिन तेज आंधी दीवारे गिर गई। इसी तरह वार्ड क्रमांक 14 में बसंत अहिरवार के घर के खपरा हवा में गिरकर चकनाचूर हो गए और घर के अन्दर पानी भरने से सामग्री गीली होकर खराब हो गई। वहीं नगर परिषद के ट्रैचिग ग्राउंड में लगे टीनशैड टूटकर गिर गए हैं और बिखरे पड़े हुए हैं तेज आंधी तूफान के कारण क्षेत्र में बहुत नुकसान हुआ है।